मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
# उत्तरशक्ति
हिन्दी दैनिक
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्षः 7 अंक 218
रविवार, 23 फरवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in

## राहुल बाबा हमारा मजाक उड़ाते थे, हमने एक क्लिक से लोगों के खाते में पैसे डालेः अमित शाह

**मुंबई, 22 फरवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अनुसार, महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में महायुति गठबंधन की जीत प्रामाणिक शिवसेना और एनसीपी के लिए जनता के समर्थन का संकेत देती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को धनराशि वितरित करते हुए एक समारोह में अमित शाह ने नई सरकार का समर्थन करने के लिए महाराष्ट्र के लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिवसेना और राकांपा के भीतर वास्तविक गुटों पर जनता के स्पष्ट निर्णय पर जोर दिया।

एनडीए की तीसरी बार जीत के साथ, पीएम मोदी ने पीएमएवाई के दूसरे चरण की शुरूआत की, जिसमें 20 लाख परिवारों को आवास की सहायता दी गई। इस योजना के तहत सबसे अधिक लाभार्थियों के साथ महाराष्ट्र अग्रणी है, जो एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक उत्थान को दर्शाता है। इस योजना का लक्ष्य 2029 तक देशभर में बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देते हुए पांच करोड़ घर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि हमारे देश में 1,465 शहरी सहकारी बैंक हैं, और 400 से अधिक केवल महाराष्ट्र में हैं। हम एक UMBRELLA संगठन को सक्रिय कर रहे हैं, जो सभी सहकारी बैंकों को हर संभव



तरीके से मदद करेगा। वटइफएछ-छअ संस्था के लिए 300 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर किया गया है। अमित शाह ने कहा कि जब पीएम मोदी ने जनधन खाते खोले, तो राहुल गांधी ने उनसे पूछा कि पीएम मोदी खाते में क्या ट्रांसफर करेंगे? मैं आपको बताना चाहता हूं, राहुल गांधी, कैसे पीएम मोदी ने एक क्लिक से लाभार्थी के खाते में धनराशि ट्रांसफर की। अमित शाह ने आज महाराष्ट्र के पुणे में पश्चिमी क्षेत्रीय परिषद की 27वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के मुख्यमंत्रियों, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के प्रशासक और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। केंद्रीय गृह सचिव, सचिव, अंतर राज्य परिषद सचिवालय, सचिव, सहकारिता मंत्रालय, पश्चिमी क्षेत्र के राज्यों के मुख्य सचिव और राज्य और केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।अपने संबोधन में, श्री अमित शाह ने कहा कि हालांकि क्षेत्रीय परिषदों की भूमिका सलाहकारी प्रकृति की है, हाल के वर्षों में, ये बैठकें विभिन्न राज्यों द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में विकसित हुई हैं।

## जालना में सो रहे श्रमिकों के शेड पर ट्रक से गिराई रेत, पांच मजदूरों की मौत

**मुंबई, 22 फरवरी।** महाराष्ट्र के जालना में शनिवार को एक निर्माण स्थल पर बने श्रमिकों के अस्थायी शेड पर ट्रक से गिराई गई रेत के कारण उसमें सो रहे पांच मजदूरों की दबकर मौत हो गई, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

इस संबंध में एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना जाफराबाद तहसील के पासोडी-चंदोल में एक पुल परियोजना स्थल पर तड़के हुई। उन्होंने बताया कि मजदूर निर्माण स्थल पर बने एक अस्थायी शेड में सो रहे थे कि तभी चालक रेत से भरा टिपर ट्रक लेकर वहां पहुंचा और उसने अनजाने में वहीं शेड पर ही पूरी रेत गिरा दी जिससे मजदूर उसके नीचे दब गए।



सूत्रों के अनुसार, रेत के भार से शेड ढह गया, जिसके बाद ट्रक चालक घटनास्थल से भाग गया। अधिकारी ने बताया कि मलबे से एक लड़की और एक महिला को बचा लिया गया है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और चालक का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।

मृतकों की पहचान सिल्लोड तहसील के गोलेगांव निवासी गणेश धनवाई (60) और उनके बेटे भूषण धनवाई (16) तथा जाफराबाद तहसील के पद्मावती निवासी सुनील सपकाल (20) के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि अन्य दो पीड़ितों की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

## केंद्र सरकार के अन्याय के खिलाफ अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ता रहेगा कर्नाटकः सिद्धरमैया

**कर्नाटक, 22 फरवरी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की अर्थव्यवस्था भाजपा के कथित विश्वासघात का सामना करने के लिए पर्याप्त मजबूत है और राज्य भगवा पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के अन्याय के खिलाफ अपने अधिकारों के लिए लड़ाई जारी रखेगा।

सिद्धरमैया ने विपक्ष से राज्य में झूठ फैलाना बंद करने और कर्नाटक के लोगों के कल्याण के लिए काम करने में उनकी सरकार की सहायता करने का भी आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने यह बात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र, पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बसवराज बोम्मई



समेत विपक्षी नेताओं द्वारा राज्य की वित्तीय स्थिति के बारे में लगाए गए आरोपों के जवाब में कही। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि कर्नाटक की अर्थव्यवस्था कमजोर हो रही है, राज्य दिवालियापन की ओर बढ़ रहा है जबकि वित्तीय प्रणाली ध्वस्त हो गई हैं।

## आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत छह दिवसीय दौरे पर गुवाहाटी पहुंचे

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत छह दिवसीय यात्रा पर शुक्रवार को गुवाहाटी पहुंचे। इस दौरान वह सदस्यों से बातचीत करेंगे और संगठन को मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श करेंगे।

आरएसएस के उत्तरी असम के मुख्य प्रवक्ता (प्रचार प्रमुख) किशोर शिवम ने कहा कि यह यात्रा देश के विभिन्न क्षेत्रों में भागवत के दौरे के तहत हो रही है। वह शनिवार को गुवाहाटी के बाहरी इलाके अमिनगांव में राष्ट्रीय सेविका समिति की बैठक में शामिल होंगे और अगले दिन एक अन्य बैठक में आरएसएस कार्यकताओं को संबोधित करेंगे।भागवत का शहर में आरएसएस की दो शाखाओं की बैठकों में भाग लेने का भी कार्यक्रम है, जहां वे सामाजिक सद्भाव, नागरिक दायित्व, पर्यावरण संरक्षण और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने जैसे समूह के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को लोकप्रिय बनाने के तरीकों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## ईडी ने बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली, 22 फरवरी।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) विनियमों के कथित उल्लंघन को लेकर बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर 3.44 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया है। ईडी के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।संघीय जांच एजेंसी ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत ब्रिटिश प्रसारणकर्ता के खिलाफ निर्णय आदेश जारी करते हुए उसके तीन निदेशकों में से प्रत्येक पर 1.14 करोड़ रुपये से अधिक का जुमार्ना लगाया।बीबीसी के एक प्रवक्ता ने को दिए बयान में कहा कि इस समय न तो बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया और न ही इसके निदेशकों को प्रवर्तन निदेशालय से कोई न्यायिक आदेश प्राप्त हुआ है। प्रवक्ता ने कहा, बीबीसी भारत समेत उन सभी देशों के नियमों के तहत काम करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां हम स्थित हैं। जब भी कोई आदेश प्राप्त होगा, हम उसकी सावधानीपूर्वक समीक्षा करेंगे और उचित रूप से अगले कदमों पर विचार करेंगे।उक्त कानून के तहत विभिन्न उल्लंघनों के लिए बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, इसके तीन निदेशकों और वित्त प्रमुख को 4 अगस्त 2023 को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के बाद न्याय निर्णय की कार्यवाही शुरू की गई थी।फरवरी 2023 में आयकर विभाग द्वारा समाचार संस्थान के कार्यालय में सर्वेक्षण अभियान चलाने के कुछ महीने बाद ईडी ने बीबीसी के खिलाफ फेमा जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया, जो 100 प्रतिशत एफडीआई वाली कंपनी है, डिजिटल मीडिया के माध्यम से समाचार और समसामयिक विषयों को अपलोड/स्ट्रीम करने का काम करती है, लेकिन उसने अपनी एफडीआई को घटाकर 26 प्रतिशत नहीं किया, बल्कि इसे 100 प्रतिशत पर ही रखा, जो भारत सरकार द्वारा जारी नियमों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि उद्योग संवर्द्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआई आईटी) द्वारा 18 सितंबर 2019 को जारी प्रेस नोट 4 में सरकारी मंजूरी के माध्यम से डिजिटल मीडिया के लिए 26 प्रतिशत एफडीआई सीमा निर्धारित की गई है। सूत्रों ने बताया कि बीबीसी वर्ल्ड सर्विस इंडिया पर लगाया गया कुल जुमार्ना तीन करोड़ 44 लाख 48 हजार 850 रुपये है। साथ ही फेमा, 1999 के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए 15 अक्टूबर 2021 के बाद से अनुपालन की तारीख तक प्रत्येक दिन के हिसाब से 5,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।उन्होंने बताया कि बीबीसी के तीन निदेशकों - जी. एंटनी हंट, इंदु शेखर सिन्हा और पॉल माइकल गिबन्स - पर उल्लंघन की अवधि के दौरान कंपनी के संचालन की देखरेख में उनकी भूमिका के लिए 1,14,82,950 रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।आयकर विभाग के प्रशासनिक निकाय, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 2023 के सर्वेक्षण के बाद एक बयान में कहा था कि बीबीसी समूह की विभिन्न संस्थाओं द्वारा दशार्यी गई आय और लाभ भारत में उनके संचालन के पैमाने के अनुरूप नहीं थे, और इसकी विदेशी संस्थाओं द्वारा धन भेजे जाने पर कर का भुगतान नहीं किया गया है।

## महाकुंभ में बज रहा भारतीय संस्कृति का डंका, श्रद्धालुओ की संख्या 60.74 करोड़ के पार

**सुरेश गांधी**

**महाकुंभनगर।** महाकुंभ में हर दिन आस्थावानों का रेला उमड़ रहा है. शनिवार को भी 1.43 करोड श्रद्धालुओ ने संगम में डुबकी लगाई. इस तरह महाकुम्भ में स्नान करने वाले श्रद्धालुओ की संख्या 60.74 करोड पहुंच गई है. मतलब साफ है. महाकुम्भ से भारतीय संस्कृति का चहुँओर डंका बज रहा है. सम्पूर्ण भारत के साथ ही विदेशों से भी श्रद्धालुओं का जमावड़ा प्रयागराज में रहा है।

### नृत्य संगीत से भारतीय कलाकारों ने बांधा समा



आज गंगा पण्डाल में भी देश के प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ ही विदेशों से आये कलाकारों ने अपने गीत एवं नृत्य संयोजन का परिचय दिया, जिसे कोरियोग्राफ किया देश को प्रसिद्ध नृत्यांगना एवं नृत्य निर्देशिका सुश्री रानी खानम ने। कार्यक्रम की शुरूआत माननीय महापौर उमेश चन्द्र गणेश केशरवानी, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, महानिदेशक भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, नोडल अधिकारी संस्कृति विभाग डॉ० सुभाष चंद्र यादव तथा कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के करकमलों से दीप प्रज्ज्वलन कर-के किया गया। उसके बाद सभी माननीय अतिथियों का सम्मान पुष्प गुच्छ देकर किया गया।

आज की शाम की पहली प्रस्तुति के लिए संगीत नाटक अकादमी पुरस्कृत तथा उस्ताद जिया मोइनुद्दीन डागर और उस्ताद जिया फरीउद्दीन डागर के शिष्य पंडित पुष्पराज कोष्टी द्वारा सुरबहार वादन की मनमोहक प्रस्तुति की गई। उनके साथ श्री भूषण कोष्टी ने सुरबहार तथा पखावज पर विवेकानंद कुरंगड़े ने दिया। अपनी प्रस्तुति में उन्होंने राग मारू में अलाप तथा चौताल में बंदिश गाई जिसे श्रोताओं ने बहुत पसंद किया।

दूसरी प्रस्तुति में भारत के साथ ही बांग्लादेश, फिजी, किर्गीस्तान, मलेशिया, मालदीव, मंगोलिया, रूस, दक्षिण अफ्रीका तथा वियतनाम से आये कलाकारों ने अपने नृत्य से दर्शकों को झूमा दिया। उन्होंने अपने नृत्य की बहुत मोहक प्रस्तुति दी। यह आयोजन विविधता, एकता और वैश्विक सांस्कृतिक आदान प्रदान का उत्सव है, जो भारतीय दर्शन वसुधैव कुटुम्बकम की भावना को दशार्ता है। सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका ने अपनी प्रस्तुति दी। उसके बाद रूस से आये कलाकारों ने अपने पारंपरिक नृत्य की अमिट छाप दर्शकों पर छोड़ी, जिसे दर्शकों ने तालियां बजाकर अभिवादन किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मलेशिया, फिजी और किर्गीस्तान से आये कलाकारों ने अपने नृत्य प्रस्तुत किया। अपनी अंतिम प्रस्तुति के रूप में भारत के कलाकारों ने अपने नृत्य से कार्यक्रम में जान डाल दी। कार्यक्रम के अंत में सभी देशों के कलाकारों ने एक साथ कोरियोग्राफ की हुई प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में अंतिम प्रस्तुति के लिए वाराणसी घराने की प्रसिद्ध कथक युगल नृत्यांगना तथा पद्मश्री और संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से सम्मानित सुश्री नलिनी अस्थाना एवं कमलनी अस्थाना ने अपने नृत्य से सभी दर्शकों को मोहित कर दिया। अपनी पहली प्रस्तुति में उन्होंने कुम्भ दर्शन की भाव पूर्ण प्रस्तुति दी। प्रयागराज में लगे महाकुम्भ की महिमा और माँ गंगा के अवतरण की रोचक प्रस्तुति दी। अपनी अगली प्रस्तुति में उन्होंने भगवान नटराज को समर्पित रुद्रकराष्टकम एवं शिवांजली की प्रस्तुति दी। अपनी अंतिम प्रस्तुति के लिए फागुन में मनाए जाने वाले हिंदुओं के पवित्र त्योहार होली को कथक नृत्य के माध्यम से भावपूर्ण प्रस्तुति दी।

अंत मे संस्कृति विभाग के नोडल अधिकारी डॉ० सुभाष चंद्र यादव एवं कार्यक्रम अधिशासी श्री कमलेश कुमार पाठक ने सभी कलाकारों को अंगवस्त्र तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया । मंच संचालन डॉ० अनुराधा सिंह ने किया।









## मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां



-ललित गर्ग

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है।

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा। तय डेडलाइन पर यमुना का जीर्णोद्धार हो पाए इसका इंतजार दिल्ली की जनता कर रही है। दिल्ली की जनता यमुना नदी को अहमदाबाद की साबरमती नदी की तर्ज पर सौन्दर्यकरण के साथ विकसित होते हुए देखने को उतावली है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में इस वक्त सड़क कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सड़कों का बुरा हाल है। इन सड़कों को दुरुस्त कराना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। दिल्ली में पूर्ववर्ती आप सरकार ने चार अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सकता है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी योजना भी लागू करना होगा। दिल्ली में जिस प्रकार सार्वजनिक परिवहन की जरूरत बढ़ती जा रही है, उस अनुरूप बसों की संख्या बढ़ानी होगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ और वायु प्रदूषण बड़ी समस्या रही है। भाजपा इन मुद्दों पर आप पर हमलावर रही है लेकिन अब जब खुद भाजपा सत्ता में आ गई है तो इसके लिए कोई बहाना दिल्ली की जनता को रास नहीं आएगा। वायु प्रदूषण के कारण ना केवल लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि बच्चों के स्कूल बीच सेशन बंद भी कराने पड़ते हैं। भाजपा ने चुनाव के वक्त अपनी पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। रेखा गुप्ता अपनी टीम की छवि कितनी साफ, अहंकारमुक्त एवं पारदर्शी रख पाती हैं, यह भी उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। वहीं, आप सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कराना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। महिलाओं एवं युवाओं के मुद्दों को लेकर भी उन्हें संवेदनशीलता दिखानी होगी। निश्चित ही मुख्यमंत्री का ताज फूलों से ज्यादा कांटोंभरा ताज है, लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला में तपकर निकली रेखा गुप्ता दिल्ली के शासन को एक नई आभा देकर सभी चुनौतियों से पार पायेगी, इसमें सन्देह नहीं है।

## महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस और एकनाथ शिंदे के बीच कोल्ड वॉर-एकनाथ शिंदे के इशारे का क्या है मतलब?



अशोक भाटिया

महाराष्ट्र की महायुति सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। इसके संकेत उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हालिया बयानों से मिलते हैं। सूत्रों की मानें तो शिंदे और मुख्यमंत्री फडणवीस के बीच कोल्ड वॉर की स्थिति है। इस बीच शुक्रवार को एकनाथ शिंदे ने एक बार फिर दो दिन पहले दिया अपना 'टांगा पलटने' वाला बयान दोहराया। नागपुर में पत्रकारों ने शिंदे से उनके इस बयान के बारे में सवाल किया, तो उन्होंने कहा, 'ये तो मैंने पहले ही कहा है, जिन्होंने मुझे हल्के में लिया है। मैं एक कार्यकर्ता हूं, सामान्य कार्यकर्ता हूं। लेकिन बाला साहेब और दिघे साहेब का कार्यकर्ता हूं। ये समझ के मुझे सबने लेना चाहिए और इसलिए जब हल्के में लिया तो 2022 में टांगा पलट कर दिया। सरकार को बदल दिया और हम आम जनता की इच्छाओं की सरकार लाए। इसलिए मुझे हल्के में मत लेना, ये इशारा जिन्हें समझना है वे समझ लें।'

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बीच मतभेदों की अटकलों के बीच, ?900 करोड़ की एक और परियोजना, जिसे शिंदे के सीएम कार्यकाल के दौरान मंजूरी दी गई थी, वो अब रोक दी गई है। शिंदे द्वारा अनुमोदित जालना जिले की यह परियोजना अब मुख्यमंत्री कार्यालय के आदेश के अनुसार सिडको के प्रबंध निदेशक द्वारा जांच की जा रही है। इस घटनाक्रम से शिवसेना और बीजेपी के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो सकती है, जिससे सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम शिंदे के बीच तनाव बढ़ सकता है।

जालना खारपुडी परियोजना की जांच ने इसकी वैधता और शिंदे की मंजूरी के पीछे के इरादों पर सवाल उठाए हैं। उद्धव ठाकरे गुट के पूर्व विधायक संतोष सांबारे ने भी इस मामले में सीएम फडणवीस से कार्रवाई की मांग की है। शिवसेना यूबीटी के नेता और महाराष्ट्र विधान परिषद में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने भी सीएम देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखकर परियोजना में अनियमितताओं को उजागर करते हुए हाई पावर कमेटी से जांच कराने और राज्य सरकार को गुमराह कर सरकारी खजाने को सैकड़ों करोड़ रुपये का नुकसान करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस घटनाक्रम ने जालना खारपुडी परियोजना के भाग्य और महायुति सरकार में समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे 3 सरकारी कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। उनके इस कदम से राज्य में उन चर्चाओं को बल मिला है कि सत्तारूढ़ गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि वो गुरुवार को दिल्ली में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। वहां पीएम नरेंद्र मोदी उनसे बातचीत करते हुए भी नजर आए थे। लेकिन राज्य के सरकारी कार्यक्रमों में न शामिल होने से लग रहा है कि सरकार चला रही महायुति में तनातनी चल रही है। पिछले साल नवंबर में हुए विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में महायुति की सरकार चल रही है।

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ठाणे जिले के बदलापुर में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के अनावरण पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए। ठाणे उनका गृह जिला है। वो इसी जिले से चुनकर आए हैं। शिंदे ऐतिहासिक आगरा किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल नहीं हुए। वो अंबेगांव बुद्रक में आयोजित शिवसृष्टि पार्क के दूसरे चरण के उद्घाटन समारोह में भी नहीं शामिल हुए थे। बताया जाता है कि उनका हालिया बयान मौत की धमकियों के जवाब में दिया गया था, जिसमें उनकी कार में बम होने की चेतावनी दी गई थी। शिंदे ने खुद को निडर बताया और कहा कि उन्हें पहले भी धमकियां मिली थीं। लेकिन वे डरे नहीं हैं। लेकिन इनके इस बयान के कई सियासी मायने निकाले जा रहे हैं।

ध्यान देने योग्य यह है कि महाराष्ट्र में सरकार चला रही महायुति में बीजेपी, शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल हैं। इस गठबंधन ने 288 सदस्यों वाली विधानसभा के चुनाव में 230 सीटों पर जीत दर्ज की थी। शिंदे ने 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना में बगावत कर बीजेपी से हाथ मिला लिया था। इससे शिवसेना दो हिस्सों में टूट गई थी। चुनाव आयोग और अदालत के फैसलों से शिंदे के नेतृत्व वाले गुट को शिवसेना नाम और पार्टी का चुनाव चिन्ह मिल गया था। महायुति के चुनाव जीतने के बाद बनी सरकार में शिंदे को मुख्यमंत्री का पद नहीं मिला। इससे शिवसेना कैडर का असंतोष खुलकर सामने आ गया था। बाद में उन्हें राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में समायोजित किया गया। महायुति में यह मतभेद उस समय और बढ़ गया जब कुछ विधायकों को 'वाई' श्रेणी की सुरक्षा कम कर दी गई। शिवसेना में विभाजन के बाद एकनाथ शिंदे का समर्थन करने वाले विधायकों को प्रदान की गई +श्रेणी की सुरक्षा वापस लेने के गृह विभाग के फैसले ने सत्तारूढ़ महागठबंधन में गृह युद्ध पैदा कर दिया है। हालांकि यह निर्णय सही है, लेकिन यह उन लोगों के लिए मुश्किल होगा जो पुलिस काफिले के साथ गांव-गांव कार उड़ाने के आदी हैं और लोगों से 'सुरक्षा क्या है' सुनते हैं ऐसा लगता है। हालांकि गृह विभाग ने खुलासा किया है कि न केवल शिवसेना, बल्कि भाजपा और एनसीपी के विधायक भी कम हो गए हैं, लेकिन इससे विधायकों की नाराजगी और बढ़ गई है, जो विभिन्न कारणों से रोने लगे हैं। आश्चर्य होगा अगर इन विधायकों में यह भावना न हो कि उन्होंने सत्ता में आने तक इसे फूल की तरह रखा और अब चुनाव के बाद चट्टान की तरह दरकिनार कर दिया गया। जब एकनाथ शिंदे ने शिवसेना छोड़ी और सरकार में शामिल हुए, तो उनके समर्थक विधायकों को 'वाई+' सुरक्षा दी गई, जिसमें पुलिस की कारों और घरों के बाहर पुलिस सुरक्षा भी शामिल थी। अब घरों के बाहर आगे की कारों और पुलिस को कम किया जाएगा और प्रत्येक को एक ही गार्ड दिया जाएगा।

ज्ञात हो कि 1990 के दशक में, जब मुंबई में विधायकों और जन प्रतिनिधियों की हत्या और हमला किया गया था, तो सभी विधायकों को बंदूक चलाने वाले पुलिसकर्मियों की सुरक्षा प्रदान की गई थी। इस व्यापक निर्णय ने उन लोगों को भी सुरक्षा प्रदान की जिनके पास सुरक्षा के लिए कोई खतरा या खतरा नहीं था। इस व्यापक निर्णय के कारण कुछ लोगों ने उन अंगरक्षकों को खो दिया, जिनके साथ वे थे, जिनमें से कुछ में अंगरक्षकों के ड्राइविंग और विधायकों के अपनी बंदूकों के साथ पीछे बैठे मजाकिया दृश्य थे। आपको याद होगा। जब वे अनुभव अधर में थे तो सभी की कीमत पर पुलिस को शामिल करना अव्यावहारिक था। राज्य में अपराधों की संख्या बढ़ रही है, सामाजिक अशांति असहर भड़क रही है, पुलिस जांच और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर्याप्त है। पुलिस बल मुख्य कार्य की उपेक्षा करके वीआईपी सुरक्षा में लगा हुआ है।

कुछ समय पहले पुणे में एक मंत्री के कहने पर 48 पुलिसकर्मियों का काफिला हुआ था, जिनमें से कुछ के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इन जनप्रतिनिधियों के अलावा कई कार्यकर्ता और बड़े लोग भी 'मुझे धमकी दी जा रही है' की शिकायत कर पुलिस सुरक्षा लेते हैं। घटना भी ताजा है। इन सभी लोगों को जागरूक करने की जरूरत है कि पुलिस जनप्रतिनिधियों का घर नहीं है, चाहे वह राजनीतिक हो या प्रशासनिक; अगर फडणवीस ने किसी वजह से यह कदम उठाया है तो इसका स्वागत किया जाना चाहिए था। अगर ये विधायक भी बिना नाराज हुए पुलिस की तह से बाहर निकलकर आम जनता से घुलमिल जाएं तो ये नागरिकों की सही भावनाओं को भी समझेंगे।

पिछले कुछ दिनों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिंदे के विभिन्न विभागों पर कटाक्ष किया है और संदिग्ध और विवादास्पद फैसलों का मुद्दा उठाया है। दूसरी ओर, शिंदे ने मंत्रालय में ही एक समानांतर 'वार रूम' स्थापित किया; उन्होंने मुख्यमंत्री की कुछ बैठकों को छोड़कर यह भी दिखाने की कोशिश की कि वह ज्यादा पीछे नहीं हैं। फडणवीस ने यह दिखाने का एक भी मौका नहीं छोड़ा कि सरकार बनने के बाद उनका अपना फैसला अंतिम होगा। हालांकि शिंदे ने विधायकों की सुरक्षा व्यवस्था पर चर्चा करने का वादा किया था, लेकिन सरकार के सुर में फैसला बदलने की संभावना नहीं है। इधर, संकेत मिल रहे हैं कि विधायकों की नाराजगी का मुकाबला करने के लिए शिंदे को कड़ी मशक्कत करनी होगी।

हालांकि फडणवीस और शिंदे दोनों ने अपने बीच किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया है और सब कुछ ठीक है के संदेश के साथ एकता की तस्वीर पेश करने की कोशिश की है, लेकिन कई उदाहरण ऐसे हैं, जो अलग तस्वीर पेश करते हैं। रायगढ़ और नासिक जिलों के संरक्षक मंत्रियों की नियुक्ति में यह दरार बढ़ती देखी गई। राकांपा विधायक अदिति तटकरे और भाजपा नेता गिरीश महाजन की क्रमशः रायगढ़ और नासिक के संरक्षक मंत्री के रूप में नियुक्ति से शिवसेना नाराज थी। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन दोनों नियुक्तियों को रोक दिया और अब तक इन दोनों जिलों में संरक्षक मंत्री नहीं नियुक्ति हो सके हैं। अब देखने वाली बात यह होगी कि इशारों वाला उंट किस करवट बैठता है।

## प्रशंसा हमें बेहतर नहीं बनाती, न ही निंदा हमें कभी बदतर बनाती है



-सुनील कुमार महला

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहते हुए व्यक्ति को उसके कार्यों के लिए निंदा/आलोचना का शिकार भी करना पड़ता है तो कभी उसको समाज से प्रशंसा भी मिलती है। जीवन एक चक्र है, कभी अच्छा तो कभी बुरा, व्यक्ति को अपने जीवन में अनेक अनुभवों से रूबरू होना पड़ता है। इसलिए व्यक्ति को समाज में रहते हुए यह चाहिए कि प्रशंसा और निंदा दोनों पर ही ध्यान दें। भक्तिकाल के कवि कबीर दास एक महान संत थे, उन्होंने भी निंदा के बारे में गंभीर बात कही है। उन्होंने कहा था कि -'निंदक नियरे राखिए, आंगन कुटी छवाय, बिन पानी, साबुन बिना, निर्मल करे सुभाय।' इसका तात्पर्य यह है कि जो व्यक्ति हमारी निंदा करता है, जो व्यक्ति हर समय हमारे भीतर कमियां तलाशता है, उसे हमेशा अपने पास रखना चाहिये। क्योंकि एक वही व्यक्ति है जो बिना साबुन या बिना पानी के हमारे स्वभाव को निर्मल बना सकता है। मतलब यह है कि वह व्यक्ति हमारे भीतर की हर कमी को दूर कर सकता है।जब कोई व्यक्ति हमें हमारी कमियां नहीं बताएगा तो हमारे स्वभाव में सुधार कैसे संभव हो सकता है? यह मानव का स्वभाव है कि वह हमेशा उन लोगों के साहचर्य में रहना पसंद करता है, जो उसके अत्यंत प्रिय होते हैं, जो उस व्यक्ति विशेष की हमेशा तारीफ और प्रशंसा करते हैं या हमारे भीतर सिर्फ गुण ही खोजते हैं। आदमी हमेशा अपनी प्रशंसा, तारीफ, श्लाघा या बड़ाई में प्रसन्न रहता है, वह इससे परे कुछ भी स्वीकार नहीं करना चाहता है, लेकिन निंदा हमारे व्यवहार को परिष्कृत करने का काम करती है। वह हमारे व्यवहार को मांजती है, उसे शुद्ध करती है।आज प्रशंसा पाने के चक्कर में हमारा जीवन लगातार बोझिल बनता चला जा रहा है। हमें यह चाहिए कि हम प्रशंसा के चक्कर में अपने जीवन को बोझिल न बनने दें। आज व्यक्ति हर कार्य में दूसरों से शाबाशी पाना चाहता है। व्यक्ति की अपेक्षाएं बहुत होतीं हैं। अपेक्षाएं जीवन को कष्टकारी बना देतीं हैं। इसलिए किसी से भी अपेक्षाएं नहीं रखनी चाहिए। जो ज्यादा अपेक्षाएं रखता है, वह व्यक्ति जीवन में एक प्रकार से दुःख को जन्म देता है। यह ठीक है कि प्रशंसा हमारे लिए उत्साहवर्धन का काम करतीं हैं लेकिन हमें यह चाहिए कि हम प्रशंसा पाने के लिए कभी भी व्याकुल न रहें। हम अपने विचारों से खुद पर नियंत्रण स्थापित कर सकते हैं।एक कहावत है कि जैसा मनुष्य अपने हृदय में विचार करता है, वैसा ही वह बन जाता है। हम जीवन में कड़वा भी सुनें, आलोचनाओं को भी सहृदयता से स्वीकार करना सीखें। याद रखिए एक डाक्टर हमें कड़वी दवा देता है ताकि हमारा मर्ज ठीक हो सके। वह हमें कड़वी दवा इसलिए नहीं देता है कि वह हमारा दुश्मन है। उसकी कड़वी दवाई में ही हमारा भला छिपा होता है, इसलिए आलोचना भी एक कड़वी दवाई की तरह ही है, जो हमारे जीवन को कहीं न कहीं संवारने का, उसे अच्छा बनाने का काम करती है। आखिर हम हर पल यह क्यों चाहते हैं कि हरदम हमारी पीठ थपथपाई जाए, हमारी प्रशंसा की जाए और दूसरे हमारी सराहना करते रहें। आज व्यक्ति का यह स्वभाव हो गया है कि वह दूसरों की शाबाशी पाने की अन्धी होड़ में स्वयं की मूल भावनाओं का गला घोंटने में लगा रहता है, जबकि वह व्यक्ति यह बेहतर तरीके से जानता और समझता है कि दूसरों की शाबाशी को प्रयत्नपूर्वक प्राप्त करना केवल स्वयं को झूठी तसल्ली देना और अपने साथ धोखा करना ही तो है। वास्तव में हमें स्वयं से हमेशा संतुष्ट होना चाहिए। आज हमें जरूरत इस बात की है कि हम अपने अंदर इस चेतना को विकसित करें कि हम इस ब्रह्मांड के सम्राट की संतान हैं और अपने परम पिता परमेश्वर के सबसे प्रिय। उस परम पिता परमेश्वर ने हमें सबकुछ दिया है और इसके लिए हमारे व्यवहार में उसके प्रति कृतज्ञता का भाव झलकना चाहिए। वास्तव में,कृतज्ञता का भाव रखने का मतलब है नियमित रूप से बड़ी और छोटी चीजों के लिए आभार व्यक्त करने की सचेत आदत बनाना। लुईस होवेस कहते हैं कि 'अगर आप इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आपके पास क्या है, तो आपके पास हमेशा अधिक होगा। अगर आप इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि आपके पास क्या नहीं है, तो आपके पास कभी भी पर्याप्त नहीं होगा।' लुईस होवेस का यह कथन गलत नहीं है, बिल्कुल सही है, क्यों कि इस ब्रह्मांड में जो ऊर्जा हम छोड़ते हैं, वही ऊर्जा तो रिफ्लेक्ट होकर हमें वापस मिलती है। इसलिए हम कृतज्ञ बनें और इस बात को अपने हृदय में महसूस करें कि जो कुछ भी हमारे पास है, वह दूसरों के पास नहीं है। कहना गलत नहीं होगा कि हम अपने जीवन में कभी भी किसी चीज के लिए भीख नहीं मांगें, बल्कि यह विचार रखें कि हमारे पास पहले से ही सब कुछ है। हमें उस परम पिता परमेश्वर के समक्ष उस बच्चे की तरह रहना चाहिए, जो अपने माता-पिता के समक्ष सुरक्षित होकर सुखपूर्वक और आत्मविश्वास के साथ सभी भय को त्याग देता है। जीवन में हरेक मनुष्य के लिए कृतज्ञता का भाव रखना बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्यों कि यह कृतज्ञता ही है जो हमारी मानसिकता को बदल देती है। वास्तव में हमें यह बात अपने जेहन में रखनी चाहिए कि प्रशंसा हमें बेहतर नहीं बनाती, न ही निंदा हमें कभी बदतर बनाती है। जब लोग हमारी प्रशंसा करते हैं, तो उससे मुग्ध होने के बजाय हमें यह चाहिए कि हम खुद का, स्वयं का सावधानीपूर्वक अवलोकन करें। दूसरी ओर, जब लोग हमारी निंदा करें, तो उसका हमें बुरा नहीं मानना चाहिए, बल्कि हमें यह विचार करना चाहिए कि हमारे अंदर ऐसी कौन-सी बात है, जिसको हम सुधार सकते हैं।मेलोडी बीट्टी ने क्या खूब कहा है कि 'कृतज्ञता हमारे पास जो कुछ भी है उसे पर्याप्त और उससे भी अधिक बना देती है। यह इनकार को स्वीकृति में, अव्यवस्था को व्यवस्था में, भ्रम को स्पष्टता में बदल देती है... यह हमारे अतीत को समझने में मदद करती है, आज के लिए शांति लाती है और कल के लिए दृष्टि बनाती है।' कहना गलत नहीं होगा कि आभारी होने से हमारा आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान बढ़ता है, और वर्तमान क्षण का आनंद बढ़ता है। हम अपने जीवन के हर पहलू के लिए आभारी हो सकते हैं, जिसमें वे हिस्से भी शामिल हैं जो अच्छे चल रहे हैं और वे जो अच्छे नहीं चल रहे हैं। वास्तव में हमें यह चाहिए कि हम अपने जीवन में नकारात्मक बातों पर ध्यान देने के बजाय सकारात्मक बातों का अधिकाधिक विस्तार करें। प्रतिदिन आभारी महसूस करने से हमारी सकारात्मकता बढ़ती है, जिसका असर हमारे सामने आने वाले अन्य लोगों पर भी पड़ता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि सदैव दूसरों में दोष ढूंढते रहना मानवीय स्वभाव का एक बड़ा अवगुण है। दूसरों में दोष निकालना और खुद को श्रेष्ठ बताना कुछ लोगों का स्वभाव होता है। निंदा करने से हमारे मन में अशांति व्याप्त होती है और हम हमारा जीवन दुःखों, कष्टों , परेशानियों से भर लेते हैं। हमें यह याद रखना चाहिए कि प्रत्येक मनुष्य का अपना अलग दृष्टिकोण एवं स्वभाव होता है। दूसरों के विषय में कोई अपनी कुछ भी धारणा बना सकता है। अतः निंदा और प्रशंसा दोनों ही जीवन के महत्वपूर्ण और अहम् पहलू हैं।

## आशाओं के अनंत आकाश में जीवन के प्रगति सोपान



संजीव ठाकुर

तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास प्रगति तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है,बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, अनंत आत्म विश्वास और संयम के घटक मौजूद हो। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रहा है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति की प्रकृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को कोई एक दिन वर्ष अथवा दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। और प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन सब से समाज की प्रगति और विकास में राजाओं, सम्राटों की कूटनीति ,राजनीति सर्वोपरि रही है इतिहास से लेकर अब तक मनुष्य देश और विश्व के विकास में राजनैतिक नीति निर्देशक तत्व ही देश को बलवान, शक्तिहीन, भौगोलिक रूप से बड़ा या छोटा बनाते आए हैं। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है। अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी ,बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है। भारत की विशाल जनसंख्या के बावजूद ऐतिहासिक तौर पर देश सांस्कृतिक वैचारिक और संस्कारी ग्रुप से सदैव समृद्ध रहा है और धार्मिक रूप से भी देश में ज्ञान की जड़े बहुत गहराई तक हैं। भारत को आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने के लिए वेद, पुराण, उपनिषद, गीता ,रामायण ,महाभारत महा ग्रंथों की पृष्ठभूमि बड़ी ही शक्तिशाली है। देश में अनेक साधु संत ज्ञानी जिनमें मोहम्मद मूसा कबीर, रैदास, नामदेव, तुकाराम चैतन्य, तुलसीदास शंकरदेव जैसे महापुरुषों ने देश के सांस्कृतिक आध्यात्मिक विकास मैं अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में अनेक विदेशी आक्रमणों को झेल कर उन्हें आत्मसात किया है किंतु हमारी संस्कृत पाली एवं प्राकृत भाषा अन्य भाषाओं के साथ आज भी समृद्ध है। भारत में अनेक भाषा क्षेत्र एवं बोलियां हैं किंतु हिंदी, पंजाबी, गुजराती, बांग्ला, मराठी ,असमिया भाषाएं उसी तरह पल्लवित पुष्पित हो रही हैं जैसे की संस्कृत और प्राकृत पाली भाषा होती रही है। भारत में स्वाधीनता के बाद विकास के प्रगति के पथ पर वैज्ञानिक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया और पृथ्वी से लेकर नभ तक हर क्षेत्र में मानव की अतीव उत्कंठा ,जीजिविषा के कारण हमने चांद पर भी अपने वायुयान भेजें हैं। देश के नागरिकों की भौतिकवादी सुविधा के लिए भी हमने वतानुकुलित यंत्र ,वायुयान तेज चलने वाली ट्रेनें और वायुमंडल में अनेक ऐसे तथ्यों को जो आज तक छुपे हुए थे उजागर कर अपने महत्व के लिए इसका उपयोग करना शुरू किया है। यह कहावत आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और आकाश का कोई अंत नहीं यानी मनुष्य की इच्छाओं का कोई अंत नहीं है मनुष्य पर सही प्रतीत होती है।इसी तरह प्रगति और विकास का भी कोई अंत या अनंत नहीं है। भारत देश में वैश्विक स्तर पर राजनैतिक सामाजिक वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक स्तर पर काफी प्रगति की एवं विश्व में योग अध्यात्म दर्शन का लोहा भी मनवाया है। मनुष्य की अभिलाषा का कोई निश्चित लक्ष्य नहीं है, मनुष्य मूल रूप से अत्यंत महत्वकांक्षी,लोलुप एवं इच्छाओं का दास हुआ करता है, ऐसे में पूर्व में किए गए कार्यों को निरंतर सुधार कर उसे नए रूप में प्राप्त करना मनुष्य की अभिलाषा हो सकती है,पर इसके लिए अथक मेहनत संघर्ष आत्मविश्वास एवं संयम की आवश्यकता होगी तभी जाकर हम अपने नए-नए लक्ष्यों को विकास तथा प्रगति के पैमाने पर टटोलकर आगे बढ़ा सकते हैं। पर लक्ष्य की प्राप्ति के साधन जरूर सच्चे ,पवित्र और मानव कल्याण की ओर अग्रेषित होने चाहिए, तब ही विकास प्रगति चाहे वह आध्यात्मिक, सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक अथवा वैज्ञानिक ही क्यों ना हो सफल हो सकती है।

## जिसने किया धर्म पर चोट, घट गये जनमानस के वोट?

-विक्रम दयाल



-विक्रम दयाल

भारतीय लोगों की प्रवृत्ति अहिंसा, धैर्य, विनम्रता, शालीनता और आध्यात्मिकता से जड़ी हुई है. भारतीय संस्कृत में प्रकृति का बहुत महत्व है. अहिंसा का अर्थ हिंसा नही करना है. महात्मा बुद्ध और गांधीजी ने अहिंसा का पाठ पढ़ाया. जैन धर्म में अहिंसा को परम धर्म माना है. महाभारत में कहा गया है कि मनसा वाचा कर्मणा यानी किसी को भी कष्ट नही पहुँचाना चाहिए. भारत एक ऐसा राष्ट्र जिसमें अनेकता में एकता है. विभिन्न जातियों पंथों, धर्मो और क्षेत्रों मान्यताओं और मान्यताओं के लोग एकसाथ, एक छत के नीचे अमीर और गरीब प्यार मोहब्बत हंसी खुशी से एकजुट रहते हैं. इसप्रकार भारतीय समाज की प्रमुख विशेषता अनेकता में एकता है. यदि कोई व्यक्ति भारत में जन्म लेता है और उसके माता पिता दोनों या दोनों मे से कोई एक भारत में पैदा हुआ है तो वह भारतीय है. भारतीय समाज की खास बात यह है कि यहाँ कई धर्मों के लोग एकसाथ शांतिपूर्वक रहते हैं. इसलिए भी अनेकता में एकता है. भारतीय लोग धार्मिक है. भारत देश में धार्मिकता का आदर और सम्मान सदियों किया जाता है. यहाँ पर कुछ शरारती लोगों द्वारा गलत धार्मिक टिप्पणियों के आधार पर अक्सर झड़पें होती रहती हैं. वैसे सभी धर्म और समुदाय के लोग प्यार मोहब्बत भाई चारे के साथ एकसाथ मिलजुलकर रहते हैं. जिनलोगों ने किसी धर्म के विरुद्ध आवाज उठाई वह जनता की नजरों से दूर होते चले जाते हैं. भारतीय समाज ने उनका कभी सम्मान नही किया. भारतीय जनता अपने धर्मका अपमान कभी नही सहती. जो भी भारतीय नेता धर्म के विरुद्ध आवाज उठाया है, जनता ने उन्हें अपनी नजरों से दूर कर दिया है इसलिए भारत में धर्म का सम्मान करना सभी का परम कर्तव्य है. जो नेता धर्म का सम्मान करते हुए और सामाजिक कठिनाइयों को दूर करते हुए जनमानस में वोट के लिए जाते हैं, जनता उन्हें पलकों पर बिठाती है. नेता किसी भी पार्टी का हो, अगर वह जनता से किया हुआ वादा पूरा करता है, और जनता की सारी कठिनाइयाँ दूर करता है और जनता के धर्म का सम्मान करता है तो जनता उसे सीने से लगाकर रखने में कोई कसर नही छोड़ती है. जनता पूरी लगन और श्रद्धा से उस नेता के साथ चलती है. और उस नेता को विजयश्री दिलाती है. इसलिए़ भारत में किसी जाति या समुदाय पर टिप्पणी करने से बचें. झूठे वादे करने वाले नेताओं को, जनता सबक सिखाते चली आरही है. फिर भी फरेबी नेता झुठे वादे करने से चूकते नही हैं. वादे पर वादे करते जाते हैं. और जनता उन्हें दरकिनार करते, चली जाती है. झूठा किया हुआ वादा तो कभी पूरा नही होता है? और तब जनता के बीच नेताओं को हार का सामना करना पड़ता है. क्यों कि नेताजी नें जनता के कामको पूरा ही नही किया? इसतरह आज कुछ बड़ी पार्टियाँ जो कभी जनता के लिए और देश के लिए अच्छे सामाजिक, राजनैतिक और भरोसेपूर्ण काम किये हैं आज उन पार्टियों को भी जनता ने, उनकी कथनी और करनी के चलते दरकिनार कर दिया है. देश में होनेवाले किसी भी चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ रहा है. क्यों कि वे पार्टियाँ अब पहले जैसा काम करना बंद कर दिया है. उनकी पोल खुल चुकी है. अब उन पार्टियों को जनता में पैर जमाने के लिए अथक प्रयास करने की जरूरत पर बल देना होगा. तब उन्हे उनका खोया हुआ सम्मान वापस मिल पायेगा. अन्यथा नही?

## 10 हजार आंगनवाड़ी महिलाओं को रसोई सामग्री बाटेंगे भामाशाह बाबूलाल जैन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** वरिष्ठ समाजसेवी तथा भामाशाह की उपाधि से अलंकृत बाबूलाल मेघराजजी दुधेडिया (जैन) ने अपनी मातुश्री की 25वीं पुण्यतिथि पर राजस्थान के चुरू जिले की 10,000 से अधिक आंगनवाड़ी जरूरतमंद महिलाओं को रसोई सामग्री प्रदान करने का संकल्प लिया है, जिसमें थाली, गिलास, कटोरी, प्लेट, चम्मच आदि का समावेश है। यह कार्यक्रम मार्च महीने में चुरू जिले के इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी कार्यालय में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। गौरतलब हो कि भामाशाह बाबूलाल एम जैन द्वारा अपनी मातृभूमि राजलदेसर की 5,000 महिलाओं को विगत वर्ष जनवरी महीने में साडियों का वितरण किया गया था। वहीं आगामी 2 मार्च को संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में रिपब्लिकन चर्मकार यूनियन द्वारा क्वींस पार्क, मीरारोड पूर्व में आयोजित कार्यक्रम में हजारों लोगों के लिए महाभंडारे के आयोजन के साथ ही हल्दी कुंकू समारोह में सहभागी हजारों महिलाओं को आकर्षक उपहार प्रदान किया जाएगा। बता दें कि चुरू जिले के राजलदेसर स्थित राजकीय अस्पताल में चिकित्सक नहीं है, जिससे गांव के मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। जिसके लिए शनिवार को समाजसेवी बाबूलाल एम जैन ने दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से फोन पर बात कर क्षेत्र के मरीजों को हो रही समस्या से अवगत कराया। बाबूलाल एम जैन ने बताया कि केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने इस मामले को गंभीरतापूर्वक लेते हुए राजस्थान के मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य मंत्री को फोन पर निर्देश दिए हैं, लिहाजा राजलदेसर के अस्पताल में शीघ्र चिकित्सक की नियुक्ति होने की उम्मीद है। गौरतलब हो कि मुंबई समेत राजस्थान के चुरू, राजलदेसर में बाबूलाल एम जैन के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में योगदान का दौर निरंतर जारी है।

## सेंट जॉर्ज, जे. जे. और कामा अस्पताल में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन की हुई स्थापना




**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** सेंट जॉर्ज ,जे. जे अस्पताल और कामा अस्पताल तथा जी. टी अस्पताल में हाल ही में अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन का गठन हुआ। यूनियन स्थापना के अवसर पर गत दिनों नोटिस बोर्ड का उदघाटन समारोह सेंट जॉर्ज अस्पताल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर राज्य के चिकित्सा विभाग के आयुक्त राजीव निवतकर एवं अस्पताल अधीक्षक विनायक सावरडेकर और राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंदभाई परमार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार ने सफाई कर्मचारियों की कई मांगों के संबंध में विस्तृत रूप से मार्गदर्शन किया। तत्पश्चात आयुक्त राजीव निवतकर ने कहा कि सफाईकर्मियों की लंबे समय से प्रलंबित मांगों को यथाशीघ्र मंजूर किया जायेगा तथा सफाईकर्मियों के लिए ठेकेदारी प्रथा बंद करायी जायेगी। उन्होंने उपस्थित कामगार वर्ग का योग्य तरीके से मार्गदर्शन किया। कामगारों को मकान का मालिकाना हक दिलाने के लिए सरकार से चर्चा करने तथा सफाई कर्मचारियों की एक निरीक्षण समिति का गठन किए जाने की बात कही।

इस दौरान अस्पताल के अधीक्षक विनायक सावरडेकर ने उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गणेश भंडारी (आरएमओ), बालू गावंडे,. संजय लाड, मैत्रेन शेख मैडम, लीना डिसूजा, राजेश टा टाकेकर, नवीनचन्द्र मकवाना, -रघुनाथ जाधव, भाऊराव जाधव, सुनील चौहान, और सेंट जॉर्ज अस्पताल की पदाधिकारी मुख्य सलाहकार मनीषा खाखड़िया, कार्याध्यक्ष मदन वाघेला, दीपक चौहान, धीरेन्द्र चौहान, दिनेश अंजार, हितेश बेनीवाल, अरविन्द मकवाना, हेमन्त वाघेला, प्रवीण मकवाना, प्रवीण वाघेला, विनोद सोलंकी ने अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस यूनियन के नोटिस बोर्ड के स्थापना समारोह को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड - आपके लिए रिटायरमेंट वेल्थ को बढ़ाने का एक स्मार्ट तरीका

**मुंबई/पटना।** रिटायरमेंट प्लानिंग अब सिर्फ. बचत करने तक सीमित नहीं है, नई पीढ़ी की आकांक्षाओं को बनाए रखने के लिए समझदारी से निवेश करना भी रिटायरमेंट प्लानिंग का बहुत बड़ा हिस्सा होता है। आज के दौर में रिटायरमेंट के इच्छुक लोग वित्तीय स्वतंत्रता की नयी परिभाषा रच रहे हैं, ऐसे समाधान खोज रहे हैं जो उनकी बदलती जीवनशैली, करियर की महत्वाकांक्षाओं और धन को लेकर दीर्घकालिक लक्ष्यों को पूरा कर सकें। चाहे वह (वित्तीय स्वतंत्रता, जल्दी रिटायरमेंट) पीढ़ी हो, करियर में बदलाव करने वाले पेशेवर हों या अपने उद्यम शुरू करने वाले उद्यमी हों, वे ऐसे निवेश के तरीके चाहते हैं, जो वित्तीय सुरक्षा और धन बनाने के अवसर प्रदान करें। लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की जरूरत बढ़ती जा रही है। पारंपरिक बचत साधन, सुरक्षित हैं, लेकिन आधुनिक निवेशकों की गतिशील जरूरतों को पूरा करने में अक्सर असफल हो जाते हैं। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं। यह फंड रिटायरमेंट प्लानर्स के लिए एक आदर्श विकल्प क्यों है रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के जरिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाजार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है।

# जैन समाज को पंथों में नहीं बटना चाहिए देवेंद्र जी महाराज

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस के अवसर स्मरणांजलि समारोह का भव्य आयोजन दादर पूर्व के योगी सभागृह में शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर सीमा एंड ग्रुप और टीना एंड ग्रुप द्वारा आचार्य विद्यासागर जी महाराज के जन्म की झांकी भावों की भावांजलि के साथ प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम की शुरूआत राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा आचार्य विद्यासागर के फोटो के लोकार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ की गई।

इस मौके पर राज्यपाल के हाथों से राजस्थानी समाज के के सी जैन,श्रवण काला, अनिल,जोशी,विनय जैन, सुरेन्द्र पांड्या, जमनालाल ,आदित्यपति, प्रकाश चावड़ा, मनोज चंद्र,अजीत पाटे, कासलीवाल,जाएं चंद्र, चंद्रप्रकाश,अशोक जैन,जयेश शाह, शांतिलाल,दीपक सावंत, जयेश एंड दीप्ति,सुरेन्द्र जैन समेत कई गणमान्य व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह और फोटो प्रदान कर उनका स्वागत किया गया।समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि संत विद्यासागर जी सिर्फ जैन धर्म नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति के संत थे,वे केवल राष्ट्र और राष्ट्रीय



भाषा की बात करते थे।कुछ संत अपने आप में महान होते हैं ऐसे संत हर जगह नहीं मिलते हैं,विद्यासागर जी जीवदया प्रेमी थे। संत अशोक भैयाजी ने कहा कि त्याग, तपस्या और तीर्थ का नाम विद्यासागर है,भाषा भूषा और भोजन, अपराधमुक्त भारत,इंडिया नहीं भारत बोलो ये उनका सपना था।मोटा पहनो,मोटा खाओ,भारत को प्रतिभारत बनाओ यह विद्यासागर जी का संकल्प था,पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि विद्यासागर जी के बारे कुछ बताना सूरज को दीपक दिखाने जैसा है।उनके द्वारा बताए गए नवकार मंत्र का जाप करने से मनुष्य की हर समस्या दूर हो जाती है।भारत गौरव संत देवेंद्र जी महाराज ने कहा कि जैन समाज को पंथों में नहीं बटना चाहिए,सबके एक ही भगवान महावीर जी है और यही जैन समाज की पहचान है। समारोह में राज्यपाल द्वारा संत विद्यासागर जी द्वारा रचित संस्कृत ग्रंथ मूक माटी और देवेंद्र ब्रह्मचारी के जीवन पर आधारित भारत गौरव पुस्तक का विमोचन भी किया गया।

समारोह को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राजपुरोहित और फिल्म कलाकार पद्मश्री मनोज जोशी समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने संबोधित किया।

समारोह का संचालन प्रदीप बोहरा और अध्यक्षता तरुण काला ने की,समारोह का आयोजन महाविरायतन फाउंडेशन ने किया ।

## आम आदमी की अपेक्षाओं पर खरा उतर रही शिवसेना: विक्रम प्रताप सिंह



**भाईंदर(उत्तरशक्ति)।** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री तथा हम सबके पालक प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन और नेतृत्व में मीरा भाईंदर में शिवसेना लगातार मजबूत हो रही है। हम जनता की अपेक्षाओं और विश्वास पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास कर रहे हैं। मंगलनगर स्थित प्रताप सरनाईक के जनसंपर्क कार्यालय में आयोजित 145, मीरा भाईंदर विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक में बोलते हुए विधानसभा प्रमुख विक्रम प्रताप सिंह ने उपरोक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं के निराकरण की दिशा में शिवसेना लगातार काम कर रही है। विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि हम सबको लगातार जनता के बीच काम करना होगा और उनकी समस्याओं के निराकरण की दिशा में लगातार प्रयास करना होगा। इस अवसर पर जिला प्रमुख राजू भोईर, महिला जिला संगठक निशा नार्वेकर उत्तर भारतीय महिला जिला प्रमुख एड. अरुणा सत्यप्रकाश पांडे समेत सभी उपशहर प्रमुख, विभाग प्रमुख, उपविभाग प्रमुख, शाखा प्रमुख, सभी महिला अधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अँधेरी पश्चिम डी एन नगर में भव्य महाशिवरात्रि महोत्सव का शुभारंभ

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** प्रजापिता ब्रह्मा कुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विलेपार्ले शाखा की ओर से महाशिवरात्रि का पावन पर्व शुरू हो चुका है। २० फरवरी से शुरू हुए महाशिवरात्रि का पर्व २७ फरवरी तक चलेगा। अँधेरी पश्चिम के डी. एन. नगर प्रगति मैदान में सुबह ७ से १२ और शाम ४ से ९ बजे तक महाशिवरात्रि का पर्व शुरू हो गया है। बता दें कि सत्यम शिवम् सुंदरम ज्योतिबिंदु परमात्मा शिव की प्रतिमा का विशेष पूजन एवं अभिषेक महाशिवरात्रि के दिन किया जाता है। वास्तव में महाशिवरात्रि पर्व क्यों मनाया जाता है। इसके पीछे क्या आध्यात्मिक रहस्य है? क्या यह परमात्मा के अवतरण का सूचक है? परमात्मा इस धरती पर कब और



किस तरह अवतरित होते है? और आकर हम सबको अज्ञान की गहरी नींद से कैसे जागते है? इन सभी प्रश्नो के जवाब इस आध्यात्मिक मेले में मिल रहा है। कहा जाता है कि - ज्ञान सूर्य प्रगटा और अज्ञान अंधेर विनाश। परमपिता परमात्मा फिर से इस भारत भूमि पर आकर ब्रह्मा कुमारीज संस्था द्वारा स्वर्णिम भारत बनाने का श्रेष्ठ कार्य कर रहे है। शिव अवतरण से स्वर्णिम भारत आध्यात्मिक मेले का मुख्य आकर्षण है। यहां पर १५ फीट का नारियल का शिवलिंग,द्वादश ज्योतिर्लिंगम दर्शन,स्वर्णिम भारत दर्शन, चैतन्य देवियों की जानकी कुम्भ कर्ण की भव्य स्वचालित प्रतिमा,शांति अनुभूति मैडिटेशन कुटीर, निशुल्क मेडिकल कैंप, व्यसन मुक्ति स्टाल जीवन मूल्य आधारित खेल- आध्यात्मिक परामर्श स्टाल लगाया गया है। इसके अलावा विशेष आध्यात्मिक प्रवचन माला का आयोजन २३, २४, २५ और २६ फरवरी २०२५ शाम ५-३० से ६-३०के बीच आयोजित किया गया है। इसके साथ ही त्रिदिवसीय निशुल्क राजयोग शिविर का आयोजन भी किया गया है।

# भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला महासचिव बने ललित माली

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्यों के माध्यम से जनसेवा करने वाले राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित पुखराज माली को भारतीय जनता पार्टी उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया है।



भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव के पद पर ललित माली की नियुक्ति भाजपा पालघर जिला अध्यक्ष भरत राजपूत के दिशानिर्देश पर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला अध्यक्ष रास बिहारी सिंह (आर.बी.सिंह) द्वारा की गई है। पालघर जिले के दहानू शहर अंतर्गत स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत के कार्यालय पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान ललित माली को भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव पद पर नियुक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर.बी.सिंह, विनोद पोद्दार व नरेंद्र दहिवडकर की विशेष उपस्थिति में नियुक्त पत्र सौंपा गया। ललित माली की यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों व पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लगन को देखते हुए की गई है।

राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित माली को भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला महासचिव बनाये जानें पर उनके तमाम शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## न्यायिक लड़ाई लड़ने के नाम पर रहवासियों से पैसा वसूली

### ठाकरे गुट जिला प्रमुख दिपेश म्हात्रे वसूली बाजों पर आक्रामक

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली की 65 अवैध इमारतों के प्रकरण में रोज नए-नए खुलासे हो रहे है। हायकोर्ट ने इन इमारतों को गिराने के आदेश दिए। इसके बाद, हायकोर्ट में जाने के लिए फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह ने प्रत्येक इमारत के रहवासियों से ढाई लाख रुपये की राशि वसूली, ऐसी जानकारी सामने आई है। इस गिरोह ने रहवासियों से कुल डेढ़ करोड़ रुपये ठग लिए हैं, ऐसी जानकारी है। इमारतों को अनधिकृत घोषित किए जाने के बाद भी उनकी फिर से ठगी जारी है। इस मामले में पुलिस प्रशासन क्या कार्रवाई करेगा? ऐसा आक्रोशित सवाल अब उठाया जा रहा है।डोंबिवली में इस विषय पर हुई



बैठक में याचिकाकर्ता संदीप पाटिल, एडवोकेट निलेश जाधव, शिवसेना (ठाकरे गुट) के जिल्हाप्रमुख दीपेश म्हात्रे, वैशाली दरेकर सहित 65 इमारतों के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उस समय दीपेश म्हात्रे ने इस घोटाले का खुलासा किया। संबंधित बिल्डर ने प्रत्येक इमारत के रहवासियों से प्रति व्यक्ति ढाई लाख रुपये वसूले। यह पैसे हाईकोर्ट के आदेश के बाद न्यायिक लड़ाई लड़ने के नाम पर लिए गए, ऐसा आरोप उन्होंने लगाया। इस मामले में पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराने की बात दीपेश म्हात्रे ने इस दौरान कही।

# चिकित्सा सिविर आयोजित



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** धार्मिक एवं आध्यमिक आघाड़ी, मुंबई द्वारा फुल बॉडी चिकित्सा शिविर आज साधुबेला आश्रम, महालक्ष्मी में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन मंगल प्रभात लोढ़ा कैबिनेट मंत्री कौशल एवं उद्यमिता विभाग, महाराष्ट्र शासन और आचार्य पवन त्रिपाठी उपाध्यक्ष मुंबई भाजपा एवं कोषाध्यक्ष श्री सिद्धि विनायक मंदिर ट्रस्ट, प्रभादेवी) के द्वारा किया गया। इस चिकित्सा शिविर का आयोजन आघाड़ी के अध्यक्ष सुरेश द्वारकानाथ मिश्रा की अध्यक्षता में आघाड़ी के अन्य सदस्य संजय दस्ताने (सह संयोजक), सुनील पटेल (सह संयोजक), अखिलेश शुक्ला (सह संयोजक), रूपचंद चौरसिया, श्रीमती योगिता म्हात्रे, श्रीमती संध्या काले, मुनचुन झा के सहयोग किस सहयोग से किया गया।

## नासिक में राजमार्ग पर ट्रक ने वाहनों को टक्कर मारी, एक की मौत, पांच गंभीर रूप से घायल

**नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के घाट खंड पर एक ट्रक के वाहनों को टक्कर मार देने से एक महिला की मौत हो गई और पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना चांदवड के पास मुंबई-आगरा राजमार्ग पर राहुड घाट पर शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई की ओर जा रहे एक ट्रक के ब्रेक ढलान पर खराब हो गए और वह कारों व ट्रकों सहित सात से आठ वाहनों से टकरा गया। अधिकारी ने बताया कि



दुर्घटना में एक कार में सवार 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई, पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए तथा कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं। उन्होंने बताया कि घायलों को चांदवड उपजिला अस्पताल ले जाया गया है। अधिकारी ने बताया कि राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया था और सुबह तक स्थिति सामान्य हो गयी।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com







स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पूणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

## हथकरघा मेला में हैंडलूम और सिल्क कपड़ों की खरीदारी के लिए उमरी भीड़

पटना। विकास मंत्रालय वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित एवं उद्योग विभाग हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार द्वारा गाँधी मैदान, गेट नंबर 7 के पास आयोजित हथकरघा मेला में खरीदारी को लेकर ग्राहकों की जमकर भीड़ लग रही है। इस राष्ट्रीय स्तर के मेले में लोग ज्यादा से ज्यादा खरीदारी करने में जुटे हैं। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय उत्पाद की व्यापक संख्या से सजी सम्पूर्ण पारिवारिक खरीदारी मेला पटना के गाँधी मैदान में आयोजित की गई है। 10 फरवरी से शुरू हुए इस मेले का समापन 25 फरवरी, 2025 को होगा। इस पंद्रह दिवसीय मेले में 15 राज्यों की सहभागिता है। इस मेले में ग्राहकों को संस्थानों द्वारा सामानों की खरीदारी पर विशेष छूट दी जा रही है। इस मेले में राज्य एवं राज्य के बाहर के सहकारी संस्थानों द्वारा हस्तकरघा निर्मित वस्त्र, सिल्क साड़ी, ड्रेस मटेरियल, चादर, वूलेन कम्बल, सूती वस्त्र सहित अन्य सामान उपलब्ध हैं। इस मेले में लोगों का प्रवेश निःशुल्क है।

## बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

पटना। विवेकानंद मेमोरियल एकेडमी, पटना, में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में बच्चों का उत्साह बढ़ाने में बी.डी कॉलेज के प्रिंसिपल विवेकानंद सिंह, विजय कुमार सिंह शामिल हुए इस प्रदर्शनी में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित कर सभी को प्रभावित किया। विद्यार्थियों के कई मॉडल आकर्षण का केंद्र बने रहे छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर सभी की प्रशंसा हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य प्रीति सिंह ने बताया कि इस प्रदर्शनी में बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए जरूरी है कि उनको वैज्ञानिक गतिविधियों में प्रतिभाग कराया जाए उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में विभिन्न छात्राओं आयुष, शुभम, अंजली, ऐश्वर्या,अनु, अवनीश, सूर्या, आदि ने विभिन्न प्रकार के मॉडल,कार्बन के अपरूप ,खाद्य श्रृंखला, ऊर्जा संरक्षण आदि प्रस्तुत किए। विज्ञान प्रदर्शनी में प्रतिभा करने वाले छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रधानाचार्य प्रीति सिंहा के साथ-साथ विवेकानंद मेमोरियल एकेडमी के विज्ञान के शिक्षक लव कुश और शिक्षिका नेहा कुमारी का योगदान में इस आयोजन में खास भूमिका रही।

## एसपी को दो सौ मीटर घसीटा, बोले थे आज तेरा आखिरी दिन, तीन सिपाहियों सहित चार दोषी करार

बरेली। वर्ष 2010 में एसपी यातायात रहीं कल्पना सक्सेना पर कार चढ़ाने व घसीटकर जान से मारने की कोशिश करने वाले तीन सिपाहियों सहित चार अभियुक्तों को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार गुप्ता ने दोषी करार दिया है। शुक्रवार को कोर्ट ने फैसला सुनाया। इसके बाद चारों दोषियों को जेल भेज दिया गया है। सजा पर सुनवाई 24 फरवरी को होगी। आईपीएस कल्पना वर्तमान में गाजियाबाद में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त हैं।

घटना दो सितंबर 2010 को कैंट थाना क्षेत्र के बरेली-शाहजहांपुर रोड स्थित मजार के पास हुई थी। एसपी यातायात ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे यातायात पुलिसकर्मियों को पकड़ने पहुंची थीं। तब सिपाही रविंद्र, रावेंद्र, मनोज और एक अन्य शख्स धर्मेंद्र ने कार से कुचलकर उनकी जान लेने की कोशिश की थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की। आरोपपत्र दाखिल किया। कोर्ट में 14 गवाह और 22 साक्ष्य पेश किए गए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने चारों को दोषी करार दिया है।

अवैध वसूली कर रहे तीन पुलिसकर्मियों और एक अन्य शख्स ने अपनी कार से एसपी कल्पना को दो सौ मीटर तक घसीटा था। इस दौरान वे उनके सिर पर वार करते रहे। धमकाते रहे कि आज तेरा आखिरी दिन है। अब जो दूसरा आएगा, उसकी दखल देने की हिम्मत नहीं होगी। वे एसपी की जान नहीं ले सके तो धक्का देकर भाग गए थे। इस घटना को लेकर अन्य विभागों में तैनात लोकसेवकों में भय व्याप्त हो गया था। देशभर में अधिकारियों के बीच इसकी चर्चा रही थी। शहर में तैनात अन्य अधिकारियों का भी अधीनस्थों से भरोसा उठने लगा था। आईपीएस कल्पना की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, दो सितंबर 2010 को वह चालक कांस्टेबल संजय सिंह, हमराह सिपाही ऋषिपाल व जीत सिंह के साथ चौकी चौराहे पर ड्यूटी पर थीं। कैंट क्षेत्र में मजार के पास हाईवे पर यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रक रोककर अवैध वसूली की सूचना मिली तो वह वहां पर पहुंचीं। वहां फरीदपुर की तरफ से आने वाले कुछ ट्रक सड़क किनारे खड़े थे। सड़क के दूसरी ओर मजार के पास कार खड़ी थी। कार में कुछ लोग बैठे थे व कुछ पास खड़े थे। अपना वाहन मजार से पहले ट्रकों की आड़ में खड़ा कराकर वह हमराह व चालक के साथ पैदल ही चल दीं। पास जाकर देखा तो कांस्टेबल मनोज चालक की सीट पर बैठा था। पास खड़ा दूसरा व्यक्ति रुपये ले रहा था। इससे यकीन हो गया कि पुलिसकर्मी ट्रक चालकों से अवैध वसूली कर रहे हैं। आरोपी पुलिसकर्मियों को पकड़ने के लिए वह हमराही के साथ कार के सामने पहुंच गईं। कार की पिछली सीट पर कांस्टेबल रविंद्र और रावेंद्र बैठे थे। एसपी को देखकर वहां भगदड़ मच गई। कल्पना सक्सेना ने आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की तो मनोज ने कार स्टार्ट कर उनको कुचलने की कोशिश की, पर वह बच गईं। एसपी ने चलती कार में ही कांस्टेबल मनोज की गर्दन पकड़ ली। कार रोकने के लिए कहा लेकिन आरोपियों ने ऐसा नहीं किया। पीछे बैठे सिपाही रविंद्र ने कल्पना के हाथों को पकड़ लिया। उनके सिर पर वार किया और कहा कि इसको कुचलकर मार दो। आरोपियों ने उन्हें 200 मीटर तक घसीटा। कई बार कार को तिरछा चलाकर कुचलने की कोशिश की। जब नहीं कुचल पाए तो उनको धक्का देकर भाग गए थे।

## विजय माल्या ने अपने खिलाफ दिवालियापन आदेश को गुणवत्ता के आधार पर रद्द करने की मांग की

नई दिल्ली। संकटग्रस्त करोबारी विजय माल्या ने ब्रिटेन में अपने वकीलों को निर्देश दिया है कि वे उनके दिवालियापन आदेश के खिलाफ निरस्तीकरण आवेदन को आगे बढ़ाएं। माल्या के वकीलों ने बताया है कि पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में दिए गए बयान के बाद उनके खिलाफ दिए गए आदेश की गुणवत्ता सही नहीं है। संकटग्रस्त करोबारी विजय माल्या ने ब्रिटेन में अपने वकीलों को निर्देश दिया है कि वे उनके दिवालियापन आदेश के खिलाफ निरस्तीकरण आवेदन को आगे बढ़ाएं। माल्या के वकीलों ने बताया है कि पिछले साल दिसंबर में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से संसद में दिए गए बयान के बाद उनके खिलाफ दिए गए आदेश की गुणवत्ता सही नहीं है। माल्या ने यह कदम न्यायमूर्ति एंथनी मान की ओर से दिवालियापन से जुड़े केस में फैसला सुरक्षित रखने के बाद उठाया है। इस सप्ताह लंदन के उच्च न्यायालय में माल्या के दिवालियापन आदेश से संबंधित तीन अपीलों की सुनवाई पूरी हो गई है। न्यायाधीश ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के नेतृत्व में बैंकों के एक संघ से संबंधित जटिल दलीलें सुनीं, जिसमें 69 वर्षीय व्यवसायी की अब बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस पर लगभग 1.05 बिलियन पाउंड के अनुमानित ऋण के पुनर्भुगतान की मांग की गई थी। माल्या धोखाधड़ी और धन शोधन के आरोपों में भारत में वांछित है।

# 'शीशमहल' में नहीं तो कहां रहेंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता?

मुंबई। नई मुख्यमंत्री कहां रहेंगी, इस पर चर्चा और तैयारी चल रही है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए तीन विकल्पों को शॉर्टलिस्ट किया है। रेखा गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री का पद संभाल लिया है। दिल्ली सरकार के भीतर विभागों के आवंटन को अंतिम रूप दे दिया गया है और गुप्ता का सक्रिय दृष्टिकोण पहले से ही दिखाई दे रहा है। उनकी पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान भारत योजना और सीएजी रिपोर्ट को मंजूरी मिली। हालांकि, अब सबके मन में एक सवाल है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कहां रहेंगी? उन्होंने पहले ही साफ कर दिया है कि वह 'शीश महल' में नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा कि उनकी योजना शीश महल को म्यूजियम में बदलने की है।



इस बीच, नई मुख्यमंत्री कहां रहेंगी, इस पर चर्चा और तैयारी चल रही है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने रेखा गुप्ता के आधिकारिक आवास के लिए तीन विकल्पों को शॉर्टलिस्ट किया है। इनमें से दो आलीशान बंगले मध्य दिल्ली में दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर स्थित हैं, जहां दिल्ली भाजपा कार्यालय और भाजपा का राष्ट्रीय मुख्यालय दोनों स्थित हैं। तीसरा बंगला उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में राजपुर रोड पर है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि इन संपत्तियों पर मरम्मत का काम पूरा हो गया है, और इस काम को अंतिम रूप देने के बाद ही इन्हें विकल्प के रूप में चुना गया था।

PWD के एक अधिकारी ने बताया कि इन बंगलों को विभाग के आवासीय पूल से चुना गया था लेकिन अभी तक इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। ये विकल्प नए मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे, जो व्यक्तिगत रूप से उनका निरीक्षण कर सकती हैं और एक का चयन कर सकती हैं। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) से मंजूरी के बाद, चुने गए बंगले को आधिकारिक तौर पर आवंटित किया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री कब अपना निर्णय लेंगी, इसकी कोई निश्चित समयसीमा नहीं है। कुछ समय पहले, भाजपा नेताओं ने कहा था कि दिल्ली की नई मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में नहीं रहेंगी - वही आवास जिसे भाजपा अक्सर 'शीश महल' के रूप में संदर्भित करती है।

इस बंगले पर पहले अरविंद केजरीवाल का कब्जा था और बीजेपी ने लगातार इसकी आलोचना की थी। शपथ लेने से पहले रेखा गुप्ता ने पुष्टि की कि वह 'शीश महल' में नहीं जाएंगी। वर्तमान में, वह अपने गृह निर्वाचन क्षेत्र शालीमार बाग में अपने निजी आवास में रहती हैं।

## मंत्री तो नहीं बने पर अरविंदर सिंह लवली को मिली खास जिम्मेदारी

नई दिल्ली। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आज भारतीय जनता पार्टी नेता अरविंदर सिंह लवली को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी (सोमवार) को होगा, जहां दोपहर 2:00 बजे विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। इससे पहले नवनिर्वाचित विधायक सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेंगे। दिल्ली विधानसभा बुलेटिन के अनुसार, एलजी सक्सेना 25 फरवरी को विधानसभा को संबोधित करेंगे, जिसके बाद नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट पेश की जाएगी।

बाद में दिन में, विधानसभा एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के लिए खुली रहेगी। 26 फरवरी को सुबह 11 बजे एलजी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा शुरू होगी, जिसके बाद दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव का नोटिस सचिव, विधान सभा को शनिवार, 22 फरवरी, दोपहर से पहले तक दिया जा सकता है। भाजपा नेता रेखा गुप्ता, जिन्होंने गुरुवार को पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली, ने कुछ घंटों बाद अपने मंत्रिमंडल की पहली बैठक की अध्यक्षता की और दो प्रमुख निर्णयों की घोषणा की - 5 लाख रुपये के टॉप-अप के साथ आयुष्मान भारत योजना को लागू करना और विधानसभा की पहली बैठक में 14 लंबित सीएजी रिपोर्ट पेश करना। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रिपरिषद के विभागों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र की प्रमुख योजना को राष्ट्रीय राजधानी में लागू करेगी। यह भाजपा का चुनाव पूर्व वादा था, जिसने योजना को लागू नहीं करने के लिए आप सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने सीएजी रिपोर्ट पेश करने की भी घोषणा की, जिसे आप सरकार ने पेश नहीं किया था।

# महाशिवरात्रि के मौके पर दिन-रात भक्तों को दर्शन देंगे बाबा विश्वनाथ

-सुरेश गांधी

वाराणसी। महाशिवरात्रि के अवसर धर्म एवं आस्था की नगरी काशी में बारात निकालने से लेकर श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन तक की खास तैयारियां की जा रही हैं। दावा है पिछले साल 10 लाख के सापेक्ष इस बार 14 लाख भक्तों के दर्शन-पूजन के हिसाब से तैयारी की गयी है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने विशेष व्यवस्था की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार भक्तों की सहूलियत और सुविधाओं में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। खास यह है कि इस बार बाबा के सबसे बड़े त्योहार पर पूरी रात मंदिर का गर्भगृह खुला रहेगा। इसके अलावा पूजा-आरती के लिए समय सारिणी भी निर्धारित की गयी है। महाशिवरात्रि पर प्रातः 3:15 बजे मंगला आरती समाप्त होने के बाद प्रातः 3:30 बजे से मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुल जाएगा। महाशिवरात्रि पर रात्रि में होने वाली चारों पहर की आरती के दौरान भी श्री काशी विश्वनाथ महादेव का झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा।

उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर भक्तों की सुविधा के लिए इस बार मंगला आरती थोड़ी पहले की जाएगी और भक्तों के लिए साढ़े तीन बजे झांकी दर्शन शुरू कर दिया जाएगा। इसी दिन नागा साधु भी बाबा के दर्शन के लिए पहुंचेंगे लिहाजा आम भक्तों को कोई असुविधा न हो इसके लिए पूरा प्लान तैयार कर लिया गया है। मंगला आरती दैनिक समय से पहले की जाएगी और भक्तों को दर्शन उपलब्ध होगा। मंगला आरती : प्रातः 2:15 बजे पूजा आरम्भ होगी। प्रातः 3:15 बजे आरती समाप्त होगी। प्रातः 3:30 बजे मंदिर दर्शनार्थियों के लिए खुलेगा। मध्याहन भोग आरती : प्रातः 11:40 बजे पूजा आरम्भ होगी। मध्यान्ह 12:20 बजे पूजा समाप्त होगी। चारों प्रहर की आरती के क्रम में प्रथम प्रहर- रात्रि 9:30 बजे शंख बजेगा एवं पूजा की तैयारी होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। रात्रि 10:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 12:30 बजे समाप्त होगी।



द्वितीय प्रहर - रात्रि 01:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर रात्रि 02:30 बजे समाप्त होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। तृतीय प्रहर- प्रातः 03:30 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 04:30 बजे समाप्त होगी तथा झांकी दर्शन सतत चलता रहेगा। चतुर्थ प्रहर- प्रातः 05:00 बजे से आरती प्रारम्भ होकर प्रातः 06:15 बजे समाप्त होगी तथा झाँकी दर्शन सतत चलता रहेगा। यानी महाशिवरात्रि पर श्रीकाशी विश्वनाथ लगातार 46.30 घंटे तक श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे।

26 फरवरी को अलसुबह 2.30 बजे मंगला आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए मंदिर के कपाट खोल दिए जाएंगे। इसके बाद 28 फरवरी की रात एक बजे तक बाबा श्रद्धालुओं को झांकी दर्शन होंगे। यानी बाबा विश्वनाथ 26 से 28 फरवरी के बीच सिर्फ डेढ़ घंटे विश्राम करेंगे। महाशिवरात्रि पर सप्तऋषि और श्रृंगार आरती नहीं होगी। इस बीच 26 फरवरी की रात आठ घंटे तक मंदिर परिसर में ही बाबा के विवाहोत्सव की रस्में निभाई जाएंगी। बाबा का श्रृंगार और पूजन होगा।

महाशिवरात्रि पर भीड़ को देखते हुए अखाड़ों की पेशवाई एक घंटे पहले निकलेगी। यानी सुबह छह की जगह पांच बजे ही पांच अखाड़े एक साथ श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में पहुंचेंगे और दर्शन करेंगे। वह मंदिर में दो से तीन घंटे तक दर्शन करेंगे। दो और अखाड़े भी राजसी यात्रा के साथ मंदिर पहुंचकर दर्शन करेंगे। मंदिर में इनके लिए अलग से लाइन लगाकर दर्शन करेंगे। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गिरि ने बताया कि महाकुंभ से लौटने के बाद महाशिवरात्रि पर बाबा के दर्शन के लिए हनुमान घाट से सुबह छह बजे पेशवाई निकाली जाती है। मगर, प्रशासन की अपील पर एक घंटे पहले पांच बजे से पेशवाई निकाली जाएगी।

शहर भर से शिवबरात निकलेगी। बाबा के गण भांग-बुटी छानकर बाबा की भक्ति में मगन रहेंगे। इस बार शिवबरात में त्रिवेणी के जल से शिवभक्तों को स्नान भी कराया जाएगा। बारात में हर तरह के लाग विमान रहेगा। शिव से लेकर राम दरबार के स्वरूपों की झांकी के दर्शन होंगे। दर्जनभर वाद्ययंत्रों की गूंज के बीच हर हर महादेव की अनुगूंज होती रहेगी। वहीं, महाकुंभ में मारे गए श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। तिलभांडेश्वर शिवबरात समिति के अध्यक्ष रामबाबू यादव ने बताया कि इस बार बनारस के अलावा भदोही और मिर्जापुर 30 से अधिक लाग विमान शिवबरात में शामिल हो रहे हैं। 12 घोड़ों पर भगवान शिव, राम दरबार, ब्रह्मा, विष्णु और महेश के स्वरूप रहेंगे। कलाकार राधा-कृष्ण की रासलीला और शिवतांडव की प्रस्तुति करते हुए चलेंगे। बैंडबाजा, शहनाई, नगाड़ा, दुक्कड़, डमरू दल सहित छह तरह के वाद्ययंत्रों की धुन सुनाई देगी। बाबा के गण भूत-प्रेत करतब दिखाते हुए चलेंगे।

काशी विश्वनाथ शिवबरात समिति की बरात दारानगर से शाम को निकलेगी। समिति के संयोजक दिलीप सिंह ने बताया कि इस महाशिवरात्रि को खास बनाने के लिए इस बार महाकुंभ से एक टैंकर संगम का जल मंगाया जाएगा। संगम का ये जल शिवबरात में शामिल शिवभक्तों पर छिड़का जाएगा। जो भक्त महाकुंभ में स्नान नहीं कर पाए हैं, वह इसका पुण्यलाभ ले सकेंगे। बरात में बाहर से 20 से अधिक लाग विमान शामिल रहेंगे। बाबा के गण व देवताओं के स्वरूप भी भक्तों को दर्शन देंगे। वहीं, रामापुरा के लालकुटी व्यामशाला से भी भव्य बरात निकाली जाएगी।

महाशिवरात्रि की तैयारियों में नगर निगम जुट गया है। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने 45 वाटर टैंकर और 27 मोबाइल टॉयलेट शहर भर में लगाने के निर्देश जलकल को दिए हैं। गलियों में लगातार सफाई के लिए शिफ्टवार सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सभी शिव मंदिरों के आसपास विशेष सफाई और चूने का छिड़काव कराया जाएगा। शिव मंदिर जाने वाले मार्गों को दुरुस्त कराया जाएगा। शहर के प्रमुख मार्गों के स्ट्रीट लाइटों को ठीक कराने के लिए उन्होंने आलोक विभाग को जिम्मेदारी दी है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव को समर्पित 51वां पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ध्रुपद मेला शनिवार को तुलसी घाट स्थित द्रुपद तीर्थ पर शुरू होगा। देश-विदेश के कलाकार सुर, लय और ताल की त्रिवेणी प्रवाहित करेंगे। देशभर के घरानों के कलाकार हाजिरी लगाने पहुंचेंगे। छह पद्म पुरस्कार प्राप्त कलाकार भी संगीत के जरिये शिव की साधना करेंगे। शुभारंभ ध्रुपद गायक प्रो. ऋत्विक सान्याल के सधे सुरों से होगा। महाराजा बनारस विद्या मंदिर न्यास एवं ध्रुपद समिति की ओर से अर्ध शताब्दी को पार कर चुके ध्रुपद मेले का शुभारंभ शनिवार को शाम सात बजे काशी नरेश परिवार के अनंत नारायण सिंह, संयोजक संकटमोचन मंदिर के महंत विश्वंभर नाथ मिश्र व संगीतज्ञ पं. राजेश्वर आचार्य करेंगे। इसके बाद पूरी रात संगीत की गंगा प्रवाहित होगी। पहले दिन देवव्रत मिश्रा, प्रो. ऋत्विक सान्याल, पं. विशोख शील सहित कई कलाकारों की प्रस्तुति होगी। जबकि पं. राजेश्वर आचार्य, पं. शिवनाथ मिश्रा, पं. प्रेम कुमार मलिक और उनके पुत्र प्रशांत मलिक व निशांत मलिक की भी प्रस्तुति होगी। ध्रुप मेला में काफी कलाकारों की तीन से चार पीढ़ियां हाजिरी लगा रहे हैं। पखावज गुरु पं. अमरनाथ मिश्र के पौत्र प्रो. विश्वंभर नाथ मिश्रा और वर्तमान में उनके प्रपौत्र पुष्करनाथ मिश्रा चौथी पीढ़ी मेला का प्रतिनिधित्व कर रही है।

## चार बच्चों की मां को हुआ पड़ोस के एक युवक से प्रेम, प्रेमी ने दिया

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जिले के रामपुर थाना क्षेत्र के जमालापुर चौकी अंतर्गत एक गांव में प्रेमी द्वारा बेवफाई करने पर चार बच्चे की मां ने जहरीला पदार्थ खाकर मौत को गले लगा लिया। फिलहाल भदोही पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक स्थानीय थाने द्वारा कोई विधिक कार्रवाई करने की जानकारी नहीं है। इस रोचक घटना के विषय में बताया जाता है कि जमालापुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की मुस्लिम बिरादरी की चार बच्चे की मां की आंखें पड़ोस के ही एक युवक से दो-चार हो गई। प्रेम परवान ऐसा चढ़ा की दोनों कब अंतर्मन से एक दूजे के लिए हो गए पता नहीं चल पाया। प्रेमिका ने प्रेमी के साथ मिलकर एक साथ जीने मरने की कसमें खाने लगे। देखते ही देखते दोनों के ऊपर प्रेम का ऐसा रंग चढ़ा की चार बच्चे की मां प्रेमिका ने प्रेमी के साथ ही रहने की जींद करने लगी। इस बात की भनक जब प्रेमी और प्रेमिका के परिजनों के बीच लगी तो बंदिशों का दौर शुरू हो गया। प्रेमी के परिजन पड़ोसी प्रेमिका को किसी भी कीमत पर रखने के लिए तैयार नहीं हो रहे थे वही प्रेमी भी धीरे-धीरे अपने प्रेमिका से बेवफाई करना शुरू कर दिया। बताते हैं कि 20 फरवरी को प्रेमिका ने प्रेमी के बेवफाई से ऊबकर जहरीला पदार्थ सल्फास खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। लोक लाज के भय से परिजनों ने उसके इलाज के लिए जौनपुर जनपद में न ले जाकर भदोही स्थित एक नर्सिंग होम में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां 21 फरवरी को इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि परिजनों ने मौत के बाद प्रेमिका की लाश को लेकर चुपके से शुक्रवार की देर रात रामपुर थाने पहुंचे और पोस्टमार्टम करने की मांग करने लगे। पुलिस ने मामले की जानकारी होने के बाद मौत की घटना भदोही जनपद में होने के कारण भदोही पुलिस को इसकी सूचना दिया इसके बाद पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कथित प्रेमी प्रेमिका की मौत के बाद फरार हो गया है और प्रेमी और प्रेमिका के इस रोचक घटना को लेकर गांव में आसपास चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि चूंकि महिला की मौत भदोही के एक अस्पताल में हुई थी इसलिए उसका पोस्टमार्टम उसी जनपद में कराया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों द्वारा तहरीर देने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## डीएम एवं एसपी की अध्यक्षता में थाना कोतवाली गैसड़ी में थाना समाधान दिवस सम्पन्न

बलरामपुर। माह के चतुर्थ शनिवार पर जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में थाना कोतवाली गैंसडी में थाना समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। थाना समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना एवं उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण का निर्देश संबंधित को दिया। उन्होंने भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील मामलों में पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

## पश्चिम बंगाल के बीरभूम में तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या

कोलकाता। जिला तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि इस दावे का खंडन किया और आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले आतंक फैलाने के लिए भाजपा सदस्यों ने नियामुल की हत्या की है। पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में तृणमूल कांग्रेस के एक कार्यकर्ता की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को मोटरसाइकिल सवार शेख नियामुल को कुछ लोगों ने कंकराटाला बस स्टैंड के पास रोका और फिर डंडों व पत्थरों से उसकी पिटाई की। पुलिस ने बताया कि घायल नियामुल को सिउरी सदर अस्पताल ले जाया गया और फिर एक निजी अस्पताल भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। नियामुल के भाई और तृणमूल कार्यकर्ता इनामुल शेख ने आरोप लगाया कि उनके भाई की हत्या पार्टी के प्रतिद्वंद्वी गुट ने की है, जिसने पिछले लोकसभा चुनावों में भाजपा के लिए काम किया था। जिला तृणमूल कांग्रेस ने हालांकि इस दावे का खंडन किया और आरोप लगाया कि 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले आतंक फैलाने के लिए भाजपा सदस्यों ने नियामुल की हत्या की है। आरोपों को खारिज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दावा किया कि यह हत्या राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को दशार्ती है।







